आकाशवाणी श्री विजयपुरम

31.05.2025 समय : 1850

- फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल पहल को कल पूरे देश में एक विशेष तिरंगा रैली के रूप में मनाया जाएगा।
- अंडमान निकोबार कमान के कमांडर–इन–चीफ एयर मार्शल साजू बालाकृष्णन आज सेवानिवृत्त– उन्होंने द्वीपसमूह में वर्तमान और उभरती सुरक्षा चुनौतियों पर प्रकाश डाला।
- तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर लोगों को तम्बाकू के सेवन से होने वाले खतरों की जानकारी देने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय कल जन औषधि केंद्र अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम शुरू करेगा।

<><><><><><><>

फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल पहल के 25वें संस्करण को कल पूरे देश में एक विशेष तिरंगा रैली के रूप में मनाया जाएगा। केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया राष्ट्रीय राजधानी में इस विशेष संस्करण का नेतृत्व करेंगे। युवा मामले और खेल मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि 3 जून को विश्व साइकिल दिवस के साथ, कल का कार्यक्रम न केवल फिटनेस में साइकिल की बड़ी भूमिका के संदेश को पुष्ट करेगा, बल्कि भारत के सशस्त्र बलों के लिए एक सामूहिक श्रद्धांजलि के रूप में भी काम करेगा। बयान में कहा है कि देश भर में दो हजार से अधिक स्थानों पर इस रविवार को कार्यक्रमों का आयोजन होगा। द्वीपसमूह में मुख्य कार्यक्रम नेताजी स्टेडियम में सुबह साढ़े पांच बजे से आरंभ होगा। साइकिल रैली नेताजी स्टेडियम से शुरू होकर फ्लैग प्वाइंट होते हुए नेताजी स्टेडियम आकर सम्पन्न होगी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान के 17वें कमांडर–इन–चीफ एयर मार्शल साजू बालकृष्णन के सेवानिवृत्ति के अवसर पर आज विदाई समारोह का आयोजन किया गया। अपनी कमान के समापन के उपलक्ष्य में, कमांडर–इन–चीफ ने आई एन एस उत्क्रोश में आयोजित एक औपचारिक संयुक्त बल गार्ड ऑफ ऑनर की समीक्षा की। उन्हें 7 जून 1986 को भारतीय वायु सेना में कमीशन किया गया था और लगभग चार दशकों के बाद वे सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर उप–राज्यपाल एडमिरल डीके जोशी ने कमान में उनके दो साल के कार्यकाल के दौरान उनके अटूट समर्थन और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। अपने विदाई संबोधन में कमांडर–इन–चीफ ने क्षेत्र में वर्तमान और उभरती सुरक्षा चुनौतियों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने सेना, नौसेना, वायु सेना और तटरक्षक बल से मिलकर बनी संयुक्त सेवा कमान के भीतर तालमेल के महत्वपूर्ण महत्व पर जोर दिया। उन्होंने श्री विजयपुरम और शिबपुर, कार निकोबार, कामोर्टा और कैंपबेल बे सहित अग्रिम स्टेशनों पर बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता दी। उनके कार्यकाल के दौरान मानवीय सहायता और आपदा राहत में कमान की क्षमताओं को बढ़ाने और चिकित्सा उपायों को सुव्यवस्थित करने पर महत्वपूर्ण ध्यान दिया गया। उन्होंने फिटनेस और रोमांचक जैसे कई अग्रणी पहलों का नेतृत्व किया।

<><><><><><><>

कैम्पबेल बे में भूतपूर्व सैनिकों की ओर से ऑपरेशन सिंदूर के तहत आज शाम तिरंगा रैली निकाली गई। यह रैली कैम्पबेल बे बाजार से शुरू होकर जेट्टी बाजार होते हुए मिनी स्टेडियम में आकर सम्पन्न हुई। इस रैली में 100 से अधिक लोगों ने भाग लिया।

<><><><><><>

आज विश्व तम्बाकू निषेध दिवस है। विश्व स्वास्थ्य संगठन तम्बाकू का सेवन रोकने के उद्देश्य से लोगों को तम्बाकू के सेवन से होने वाले खतरों की जानकारी देने के लिए इस अवसर पर दुनियाभर में कार्यक्रम आयोजित करता है। इस वर्ष के आयोजनों का विषय है– –"अपील का पर्दाफाशः तंबाकू और निकोटीन उत्पादों पर उद्योग की चालों को उजागर करना।" इस अवसर पर द्वीपसमूह में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम ने स्वास्थ्य मिशन और स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के सहयोग से कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

<><><><><><>

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, फार्मास्यूटिकल्स विभाग के सहयोग से कल जन औषधि केंद्र अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम शुरू करेगा। इस 15 दिवसीय कार्यक्रम के तहत, देश भर के प्रत्येक जिले में पांच जन औषधि केंद्रों पर पांच युवा स्वयंसेवकों को तैनात किया जाएगा। स्वयंसेवकों को कई तरह की जिम्मेदारियां दी जाएंगी, जिनमें दैनिक संचालन में सहायता करना, दवा प्रबंधन, जेनेरिक दवाओं और सार्वजनिक स्वास्थ्य साक्षरता के बारे में जागरूकता बढ़ाना शामिल है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य व्यावहारिक शिक्षण को बढ़ावा देने के साथ ही सेवा, अनुशासन और समुदाय–उन्मुख व्यावसायिकता के मूल्यों को भी बढ़ाना है। यह पहल युवा विकास और सार्वजनिक स्वास्थ्य आउटरीच के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी बनाएगी, साथ ही प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना की पहुंच को भी बढ़ाएगी।

<><><><><><>

अंडमान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स और इंडियन एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स ने श्री विजयपुरम एयरपोर्ट से अंतर्राष्ट्रीय अनुसूचित परिचालन को बढ़ावा देने के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा हाल ही में की गई घोषणा का स्वागत किया है। नई प्रोत्साहन योजना के तहत, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण पहले वर्ष के लिए उपयोगकर्ता विकास शुल्क को पूरी तरह से माफ कर देगा, उसके बाद दूसरे वर्ष में 85 प्रतिशत और तीसरे वर्ष में 65 प्रतिशत की छूट प्रदान करेगा। उन्होंने इससे प्रति अंतर्राष्ट्रीय उड़ान लगभग 1.5 लाख रुपये की बचत होने की उम्मीद जताई है।

<><><><><><>

जिला महिला सशक्तिकरण केंद्र के अंतर्गत अनुबंध के आधार पर लिंग विशेषज्ञ, वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ, लेखा सहायक और डाटा एंट्री ऑपरेटर जैसे विभिन्न पदों पर नियुक्ति की जाएगी। इन पदों के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर उनतीस जून कर दिया गया है। इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित प्रारूप में अपने आवेदन पत्र संबंधित दस्तावेजों की स्व–सत्यापित प्रतियों के साथ उनतीस जून शाम पांच बजे तक डाक के जरिए या कार्यालय में सीधे जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी प्रशासन की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><>

डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में फार्मासिस्ट के पद पर नियुक्ति की जाएगी। इस सिलसिले में आयोजित परीक्षा के परिणाम, चयनित उम्मीदवार और प्रतीक्षा सूची वाले उम्मीदवारों की सूची प्रशासन के भर्ती पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है।

<><><><><><>